>

Title: Need to run passenger trains with increased number of boggies between Merata Road and Merata city in Rajasthan under North Western Railways.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर खंड के मेड़ता रोड़ से मेड़ता सिटी के 15 किलोमीटर के शहर को जोड़ने के लिए पहले मीटर गेज रेल लाइन थी । उसको अब ब्राडगेज में परिवर्तित कर दिया गया है । मीटर गेज के समय इस रूट पर कई डिब्बों की सवारी गाड़ी चलती थी लेकिन अब इस लाइन पर रेल बसें चला दी गई हैं जिससे सवारियों को भारी परेशानी होती है । कई बार धक्का-मुक्की के चलते महिलाओं और बच्चों को भारी असुविधा होती है । कई फौजदारी मुकदमें इन समस्याओं के चलते हो चुके हैं ।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि इस रूट पर अधिक डिब्बों वाली रेल या डीएमयू चलवाने की कृपा करें ।